
## <u>समाचार</u>

# '' हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग '' थीम पर आधारित होगा हर घर तिरंगा–2025 कार्यक्रम

## (सभी नागरिकबंधुओं से किया जा रहा आग्रह, अपने घरों में पूरे सम्मान के साथ फहराएं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा )




कोरबा 04 अगस्त 2025 – कोरबा जिले में '' हर घर तिरंगा–2025 कार्यक्रम '' का महाअभियान 15 अगस्त तक संचालित होगा, यह कार्यक्रम '' हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग '' थीम पर आधारित होगा, जिला प्रशासन व निगम प्रशासन द्वारा सभी नागरिकबंधुओं से आग्रह किया जा रहा है, उन्हें प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपने–अपने घरों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराएं, साथ ही सबसे बड़े इस राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन के गौरवशाली स्वयंसेवक बने, इस कार्य में सभी की सहभागिता व सहयोग आवश्यक है।

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत पूरे प्रदेश के साथ–साथ कोरबा जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है, इस 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन '' हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग '' थीम पर आधारित होगा, इसके अंतर्गत सभी नागरिकबंधुओं को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला व निगम प्रशासन द्वारा कोरबा जिले के अंतर्गत शासन के सभी विभागों, संस्थाओं, आमनागरिकों की भागीदारी के साथ–साथ सार्वजनिक उपक्रमों, स्वसहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सबकी भागीदारी कार्यक्रम में लिए जाने, कार्पोरेट व निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित कार्यक्रम में भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ ही निर्धारित थीम के तहत स्वच्छता को अपने स्वभाव व अपने संस्कार का अभिन्न अंग बनाने, स्वच्छता के प्रति सजग रहने, सूखा व गीला कचरा का सही

निष्पादन करने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ व सुरक्षित रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने आदि के प्रति भी आमनागरिकों को जागरूक व प्रेरित किया जाएगा, इन सभी में उनकी सहभागिता व सहयोग लिया जाएगा।

**स्वयंसेवक बन हर घर तिरंगा का फैलाएं उत्साह** – जिला व निगम प्रशासन द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे सबसे बड़े इस राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन के गौरवशाली स्वयंसेवक बने तथा हर घर तिरंगा का उत्साह फैलाएं, लोगों को एकजुटता के सूत्र में बांधे, उन्हें घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करें तथा तिरंगा के साथ अपनी सेल्फी हर घर तिरंगा डाट कॉम पर अपलोड करें। स्वयंसेवक बनने के लिए हर घर तिरंगा डाट कॉम पर विजिट करें, बिकम ए बालेटियर पर क्लिक करें, विवरण दर्ज करें, तत्पश्चात रजिस्टर पर क्लिक करें।